तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024

8 दृढ़ इच्छा शक्ति से प्रतियोगिता में भाग लिया...



10 नदीपारा के कुम्हारों को वर्षों के इंतजार के बाद भी...





धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
Hero Genuine Spare Parts
सादिक मोटर्स
हीरो पार्टस, डिस्ट्रीब्यूटर के अधिकृत प्रतिनिधि
ओरिजनल स्पेयर पार्टस, स्टॉकिस्ट हीरो मोटर सायकल के अधिकृत स्पेयर पार्टस विक्रेता
पुनीत ढाबा के पास, बस स्टैण्ड नवापारा, मोहम्मद सादिक, मो.: 98261-74507, भूषण पटेल, मो.: 93405-54361

## खबर संक्षेप

### महालक्ष्मी पूजन 31 को करें : पंडित त्रिभुवन

**छुईहा बेलर।** क्षेत्र के भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन मिश्रा बारूला ने पांच दिन चलने वाली दीपावली पर्व कब मनाए इस पर स्पष्ट किया है। पंडित ने कहा 29 अक्टूबर दिन मंगलवार धनतेरस , 30 अक्टूबर दिन बुधवार चौदस, हनुमान जयंती, 31 अक्टूबर दिन गुरुवार अमावस्या युक्त महालक्ष्मी पूजन दीपोत्सव पर्व मनाए। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस बार लक्ष्मी पूजा का शुभ मुहूर्त 31 अक्टूबर को शाम 5 बजे से लेकर रात के 10 बजकर 30 मिनट तक है। बता दें कि दीवाली हमेशा अमावस्या वाले दिन मनाई जाती है। शास्त्रों के अनुसार 31 अक्टूबर यानी गुरूवार को अमावस्था तिथि दिन में 2 बजकर 40 मिनट से लग रही है। इस कारण से दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। दीपावली के त्योहार पर रात्रि में अमावस्या तिथि होनी चाहिए जो कि 1 नवंबर 2024 को शाम के समय नहीं है। ऐसे में दीवाली का त्योहार 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। 2 अक्टूबर दिन शनिवार को अन्नकूट गोवर्धन पूजा, 3 अक्टूबर दिन रविवार भाई दुज मातर महोत्सव मनाए जाना है।



### पागल लोमड़ी ने घर में घुस कर दो को काटा

**मैनपुर।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लोमड़ी के आतंक से ग्रामीण काफी भयभीत हो गए है एक बार फिर पागल लोमड़ी घर में घुसकर दो लोगों को बुरी तरह काट दिया जिससे गंभीर रूप से घायल महिला को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिए लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से 5 किलो मीटर दूर ग्राम देहारगुड़ा में रामेश्वरी 27 वर्ष अपने घर के आंगन में बैठी थी कि अचानक जंगल के तरफ से दौड़ते हुए एक लोमड़ी आया और महिला को काटा साथ ही घर के एक बुर्जुग महिला को भी काटा। ज्ञात हो कि मैनपुर क्षेत्र मे आवारा कुत्तों के बाद लोमड़ियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। मैनपुर नगर में एक माह पूर्व गन्नू नाग और हुक्कुमचंद कश्यप को लोमड़ी ने काट कर घायल कर दिया था।

### बाइक फिसलने से तीन घायल

**मैनपुर।** क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटर सायकल के चक्के फिसल जाने से तीन लोग घायल हो गए। तीनों का उपचार मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी राजू देवदास 32 वर्ष, रोहित कश्यप 19 वर्ष एवं साहिल ध्रुव 14 वर्ष मोटर सायकल से गिरने से हाथ पैर, चेहरे व सिर पर चोटे आई है। जिनका उपचार मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे की राशि जारी करने की मांग

**महासमुंद।** राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कराया गया था। इस कार्य के लिए नियुक्त सर्वेयरों को प्रति टॉस्क 10 रुपए देना था, लेकिन यह राशि अब तक नहीं मिली है। सर्वेयर का काम करने वाले चंदन साहू ने छत्तीसगढ़ शासन से डिजिटल क्रॉप सर्वे की रकम देने की मांग की है।

**विडंबना :** जल जीवन मिशन योजना का नहीं मिल रहा मैनपुर क्षेत्र के लोगों को लाभ

# टंकी निर्माण के 8 माह बाद भी नलों में नहीं आ रहा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

खास खबर

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा हर घर तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने जल जीवन मिशन योजना प्रारंभ किया गया है लेकिन जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में करोड़ो रूपये खर्च करने के बाद भी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जमीनी स्तर पर इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। लगातार शिकायत आने के बावजूद मामले पर कोई ठोस कार्रवाई होता दिखाई नहीं देता। इस मामले की शिकायत पिछले दिनों क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव एवं पूर्व सांसद चंदुलाल साहू से भी ग्रामीणो ने किया था विधायक ने तो जल–जीवन मिशन योजना में भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अगामी विधानसभा सत्र में मामले को विधानसभा में उठाते हुए कार्रवाई करवाने की बात तक कही है। जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम कोदोभाठ में शासन के महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन योजना के तहत लाखों रूपये खर्च कर घर -घर पेयजल पहुचाने के लिए पानी का टंकी का निर्माण कर घर -घर नल कनेक्शन ▸▸| शेष पेज 8 पर



### घरो में लगे नल कनेक्शन बंद



ग्रामीणों ने कहा कि जब विशाल पानी के टंकी निर्माण के बाद ग्रामीणों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है तो इसका निर्माण किया जाना औचित्यहीन है। सरपंच गोपालपुर खेलन दीवान ने बताया कि कई बार उन्होने जल जीवन मिशन के संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम कोदोभाठ के ग्रामीण पारेश्वर नेगी, रूपसिंह यादव, संगनी बाई, खेलूबाई, बंशीलाल यादव, अंकुराम यादव, सुरेश यादव, रेखा नेगी, परमेश्वरी नेताम ने बताया कि कि जल जीवन मिशन योजना के तहत इस विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य 08 माह पहले पूर्ण हो चुका है, घरो में नल कनेक्शन लगाया गया है जो अब टूट फूट रहा है। इस मामले को लेकर कई बार पीएचई विभाग और ठेकेदार को शिकायत कर चुके है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### भाठीगढ़ के लोगों को भी नहीं मिल पा रहा पानी

मैनपुर से तीन किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत भाठीगढ़ में भी 91 लाख रुपए की लागत से जल-जीवन मिशन के तहत टंकी निर्माण कर घरो में कनेक्शन लगाया गया है। टंकी निर्माण कार्य 6 माह पहले पूर्ण हो चूका है। लेकिन अब तक ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। कई बार नल जल योजना को प्रारंभ करने की मांग कर चूके है लेकिन संबंधित विभाग और ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। सरपंच जिलेन्द्र नेगी ने बताया लाखो खर्च करने के बावजूद जल–जीवन मिशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जल्द पानी प्रारंभ नहीं किया गया तो मामले की शिकायत ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री से किया जायेगा।

### तत्काल समाधान करें

जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यों में लगातार शिकायत आ रही है। कोदोभाठ भाठीगढ़ के ग्रामीणों ने भी शिकायत किया है लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जहां भी पेयजल की समस्या आ रही है तत्काल समाधान किया जाए।

-जनक ध्रुव, विधायक बिन्द्रानवागढ़



## भालू के हमले से ग्रामीण घायल, उपचार जारी

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 5 किलो मीटर दूर छुईया गोपालपुर जंगल में धान के भीड़ा बांधने के लिए रस्सी लेने गए ग्रामीण पर भालू ने हमला कर घायल कर दिया। घायल ग्रामीण को तत्काल मैनपुर अस्पताल लाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वनविभाग का अमला अस्पताल पहुंच चूके है मिली जानकारी के अनुसार ग्राम छुईया निवासी सुरेश मरकाम पिता अंगद उम्र 56 वर्ष धान कटाई के बाद धान के भीड़ा बांधने के लिए रस्सी लेने जंगल गया था और ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया ग्रामीण द्वारा जोर–जोर से चिल्लाने पर भालू ग्रामीण को जख्मी कर जंगल की तरफ भाग गया। घायल ग्रामीण को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। इस मौके पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर नरेश नाग, वनरक्षक अघनसोरी भी अस्पताल पहुंचकर घायल का इलाज करवा रहे है।

## युवक को सर्प ने डसा जिला अस्पताल रिफर

**मैनपुर।** क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह में तीन लोगों को सर्प काटने से इलाज के लिए मैनपुर अस्पताल लाया गया। सभी को समय पर अस्पताल लाने से स्वाथ्य ठीक है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घटौद निवासी पुरूशोत्तम 28 वर्ष को सर्प ने काट दिया। जिसका इलाज मैनपुर में कर जिला अस्पताल रीफर किया गया है।

## बच्चों ने किया सुआ नृत्य



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

दीपावली से पहले गरियाबंद जिले के गांव-शहरों में पारंपरिक त्योहारों की धूम शुरू हो गई है। रविवार को छुट्टी के दिन, स्कूली बच्चों की टोली ने सुआ नृत्य करते हुए गांव-गांव में घूमकर इस अनोखे नृत्य की झलक पेश की। खास बात यह रही कि नन्हें बच्चों से लेकर किशोर और युवा तक, सभी ने बड़े उत्साह से भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उल्लास का माहौल बन गया।

सुआ नृत्य, जिसे छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा का हिस्सा माना जाता है, दीपावली से पूर्व सौभाग्य और समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है। बच्चे पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर, गीत और नृत्य की ताल पर रंग-बिरंगे परिधानों में सुशोभित होकर सुआ नृत्य करते नजर आए। इस दौरान लोगों ने न केवल इन बच्चों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि उन्हें पुरस्कार और उपहार भी दिए। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि इस तरह के आयोजन से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। दीपावली के इस पावन अवसर पर सुआ नृत्य का आयोजन, न केवल बच्चों के लिए एक मनोरंजक अनुभव रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में पारंपरिक उमंग और उत्सव का संदेश भी पहुंचा।

## जूडो-कराते प्रशिक्षण अभी स्कूलों में शुरू नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

हाई स्कूल व माध्यमिक शाला के बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रतिदिन दिन जूडो कराटे का प्रशिक्षण स्कूलों में समग्र शिक्षा विभाग के द्वारा दिया जाता रहा है, विगत वर्ष है लगभग 3 महीना में 90 दिन का प्रशिक्षण रहा है। जिसमें बालिकाओं को सुरक्षा के उपाय बताए जाते हैं ,ब्लॉक में लगभग 131 स्कूलों में यह प्रशिक्षण चलता है साथ ही साथ जिलों के लगभग हजारों की संख्या में बालिकाओं को यह प्रशिक्षण दिया जाता है ,किंतु इस वर्ष अक्टूबर माह बीत जाने के बाद भी प्रशिक्षण के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी नहीं हुई है। इस प्रकार के प्रशिक्षण मिलने से बालिकाओं में आत्म सुरक्षा के भाव के साथ आत्मविश्वास बढ़ता है। ज्ञात हो की छ ग राज्य समग्र शिक्षा अंतर्गत राज्य के सभी विद्यालयों में बालिकाओं के लिए आत्म रक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है। गत वर्ष अक्टूबर माह में यह प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका था। लेकिन इस वर्ष इसके लिए निर्देश भी जारी नहीं हुए हैं। आत्मरक्षा प्रशिक्षण का एक मूलभूत उद्देश्य अपराध या दुर्व्यवहार के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करना है। बच्चे अपराध के प्रति संवेदनशील होते हैं, इसलिए उन्हें कठिन परिस्थितियों में खुद की रक्षा ▸▸| शेष पेज 8 पर



## सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री से आवागमन हो रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर



ग्राम बेलर की सतनामी पारा और साहू पारा के मुख्य मोहल्ला में सड़क के बीचो बीच स्थानीय निवासी अपने निजी भवन निर्माण के उपयोग समाग्री गिट्टी, रेत एवं अन्य मटेरियल को रखा गया है। जिसमे लोग का काफी परेशान हैं। मुहल्लों वालो के अनुसार महिना भर से उक्त समाग्री रखा गया है। जिसके कारण से इस मार्ग से आवागमन अवरूद्ध हो गया है। सतनामी पारा निवासी सुरेश रात्रे के नेतृत्व में कमलेश टंडन, संतोष सोनवानी, रेवत कुर्रे, सुरेश, रेवती रमन रात्रे, रेख राम रात्रे ने उनको समझाईस दी कि रास्ता से समाग्री हटाए। निर्माण कर्ता ने आज कल हटाने को महिना भर से टाल मटोल कर रहा है। लोगों ने कहा की दीपावली त्यौहार आ रहा है। वहीं यह गांव का मुख्य मार्ग है। यहां से लोगों का आना -जाना होता है। दीपावली पर्व से पहले रास्ता नहीं खोले से उनसे बिना विवाद किए मुहल्ला के लोगों ने पुलिस थाना में शिकायत करने ठान ली है।

### होटल में शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जगदीशपुर रोड स्थित होटल में शराब पीने की सुविधा देने पर संचालक पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि जगदीशपुर रोड स्थित अपना होटल में उसका संचालक लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। पुलिस ने वहां पहुंचकर पूछताछ की जिस पर होटल संचालक ने अपना नाम जितेंद्र चौहान पिता शौकीलाल चौहान (39 साल) पिरदा होना बताया और शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराना स्वीकार किया। पुलिस ने उक्त स्थान पर दो नग देशी प्लेन शराब की खाली शीशी व दो नग डिस्पोजल गिलास को जब्त किया। वहीं आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई।

**सुवा नृत्य के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति का दिया संदेश**

# स्वयंसेवक बस्ती में जाकर बताएंगे दीपदान का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

बजरंगपुर-पिपरौद में फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना,रेडक्रास, रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में ढेरो खुशियां वाली, दीपोत्सव का पर्व दीपावली पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दीपोत्सव जागरूकता अभियान के संयोजक डॉ. आर के रजक, ग्राम के मकसुदन साहू, मोहन मानिकपन, आनंद राम धीरज पंचराम, गणेश, संतोष, ठाकुर राम, विकास, तोरण साहू व सैकड़ो ग्रामीण की उपस्थिति में बहुत ही पौराणिक हनुमान महाराज के मंदिर में पूजा-अर्चना कर शिविर का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मकसुदन साहू, मोहन साहू ने एक रैली को हरी झंडी दिखाया। सब साथ मिलकर दिवाली मनायें, हमारी धरती हम ही बचाए, आओ हम दीप जलाएं पटाखे हटाए, दीप ही दीपावली का आधार है, इसके बिना ना दीपावली का त्यौहार है, ऐसे ही कई नारों से ग्राम बजरंगपुर गुंजायमान हो गया। ग्रामीण स्वयंसेवकों का उत्साह देखने के लिए पूरा ग्राम दौड़ पड़ा। मोहन साहू ने कहा कि स्वयंसेवक बस्ती में जाकर दीपदान का महत्व बतायेंगे और अपने परिवार के साथ मिलकर त्योहार मनाएंगे। अपने परिवार और समाज के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर बिना अधिक पटाखों के उत्साह व उमंग से इस त्यौहार को मनाए। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर आरके रजक ने भारतीय संस्कृति व परंपरा में वैज्ञानिकता के साथ दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनेक किवदंतियों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में 59 स्वयंसेवकों ने अलग-अलग टोली में बंटकर ग्राम भ्रमण व सुवा नृत्य के माध्यम से हर घर में दीपदान, शिक्षा, स्वास्थ्य, अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। स्वयंसेवकों ने 5-5 दीये भेंट कर बड़े बुजुर्गो , माता, बहनों से आशीर्वाद लिया।




### इन पांच टंकियों से वार्डों में होने वाली जलापूर्ति आज रहेगी बाधित

**महासमुंद।** विद्युत विभाग द्वारा दिवाली पर्व पूर्व फिल्टर प्लांट बेलसोंडा और मुढ़ेना के इंटकवेल में मेंटनेंस कार्य कराए जाने के कारण चलते 28 अक्टूबर सोमवार की शाम को शहर के पांच टंकियों से होने वाले जलापूर्ति बाधित रहेगी। नगर पालिका की ओर से जारी सूचना के अनुसार शहर के नयापारा क्षेत्र स्थित अटल आवास, अंबेडकर स्कूल, बस स्टैंड, अपना मार्केट और पिटियाझर पानी टंकी में जलभराव नहीं हो पाएगा, जिसकी वजह से उक्त पानी टंकियों से उक्त वार्डों में होने वाली जलापूर्ति बाधित रहेगी। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और सीएमओ विजय पांडेय ने नागरिकों को होने वाली इस परेशानी के लिए खेद व्यक्त किया है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### पॉलीटेक्निक के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** शासकीय पॉलीटेक्निक में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की पहल दीवाली विद माय भारत के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य इंजीनियर चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर एवं बृजेश सिंह चंदेल (एमटीएस) के नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र महासमुंद के सहयोग से यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक संचालित हो रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता थीम के अंतर्गत महासमुंद के सब्जी मंडी, गोल बाजार, सदर लाइन, अपना मार्केट, कांग्रेस भवन चौक में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रैली निकालकर दीपावली पर जिस प्रकार हम अपने घरों की सफाई करते हैं, उसी प्रकार अपने आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। इस स्वच्छता अभियान के तहत पोस्ट ऑफिस चौक, अपना मार्केट चौक, गोल बाजार और सब्जी मंडी के आसपास का क्षेत्र स्वच्छ किया गया, जहां से 30 किलोग्राम सिंगल-यूज़ प्लास्टिक एकत्रित किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा महामाया मंदिर परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष शंभू साहू और अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा एनएसएस स्वयंसेवकों के इस पहल की सराहना की।

## निधन

### सुकारो बाई साहू



**सुरसाबांधा।** स्थानीय निवासी सुकारो बाई साहू (83) का शनिवार को निधन हो गया। वे लीलाराम एवं जितेन्द्र के माता थी। अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजनों सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### आयोजन : क्रिकेट प्रतियोगिता में खोखमा विजेता एवं सगड़ा टीम रही उपविजेता

# दृढ़ इच्छा शक्ति से प्रतियोगिता में भाग लिया जाए तो जीत तय : स्मृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम धुर्वागुड़ी में टी-10 पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 14 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक स्व. निरज ठाकुर की स्मृति में इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 क्रिकेट टीम भाग लिए। रविवार को फाईनल मैंच खोखमा एवं सगड़ा क्रिकेट टीम के बीच खेला गया जिसमें प्रथम विजेता खोखमा को 20 हजार एवं शिल्ड तथा द्वितीय सगड़ा टीम को 10 हजार रूपये एवं शिल्ड के साथ कई आकर्षक पुरस्कार जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष स्मृति ठाकुर के हाथों वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा दृढ़ ईच्छा शक्ति और अनुशासन व खेल भावना के साथ कोई भी प्रतियोगिता में भाग लिया जाये तो निश्चित रूप से जीत तय है। क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के प्रति क्षेत्र के युवाओ और ग्रामीणों में जो उत्साह का भाव देखने को मिलती है। वह अपने आप में एक मिशाल है मन में हमेशा जीत का भाव रहे तो कभी पराजय नहीं हो सकती।



#### खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है

श्रीमती ठाकुर ने आगे कहा खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है खेल से मन और तन स्वस्थ रहता है। मन में उत्साह का संचार होता है उन्होने विजेता टीम के साथ सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी हमेंशा खेल के क्षेत्र में आगे बढे और हमारे गरियाबंद जिला के साथ प्रदेश का नाम रौशन करें। खेल को खेल भावना के साथ खेली जाना चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच रामप्रसाद नेताम, पूर्व सरपंच रूपचंद नेताम, उपसरपंच बजमन मांझी, चेतन ध्रुव, अजय यादव, संतोष गुप्ता, शेख सलामुद्दिन, सीमा शुक्ला, शेख महमुद, सत्यम अवस्थी, गोलू राजपूत, अजीत यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# क्षेत्र में हार्वेस्टर की भरमार ढुलाई चार्ज में हुई बढ़ोतरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

हार्वेस्टर और चैन वाले हार्वेस्टर आने से धान की कटाई में कीमतों पर कपीटेशन चल रहा है। 2500 सौ रूपए प्रति एकड़ हार्वेस्टर टायर वाला से फसल कटाई। थोड़ा मोल भाव प्रति ट्रेक्टर ट्राली किराया को लेकर जरूर किया जा रहा लेकिन दोनों के बीच इस पर एक राय बन जा रही है। वहीं चैन वाला हार्वेस्टर प्रति एकड़ 2900 से 3000 हजार रुपए चल रहा है। और ट्रेक्टर प्रति ट्राली ढुलाई 400 से 500 रूपए ले रहे हैं। वहीं क्षेत्र में इस वर्ष हार्वेस्टर की भरमार से गाड़ी वालों में कपीटेशन चल रहा है। भागवत सिन्हा ने बताया कि क्षेत्र में हार्वेस्टर अधिक होने से कीमतों पर कपीटेशन चल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष चैन वाला हार्वेस्टर में प्रति घंटा 3300 रूपए लिया गया था। इस बार क्षेत्र में 5 से 6 हार्वेस्टर आने से कंपीटिशन की भावना हो रही है। शीघ्र तैयार होने वाली प्रजाति में बालियां पूरी तरह सूख चुकी है। पौधों का तना जरूर हरा है लेकिन नहीं काटी गई है, तो हवा के झोंके पौधों को गिरा सकते हैं। यह सोच किसानों को हार्वेस्टर तक पहुचा रही है। इसके अलावा ट्राली चार्ज एक फेर के लिए 400 से 500 रूपए लिए जा रहे हैं यह दर भी किसान मंजूर कर रहे हैं। वहीं मजदूरों का टोटा खुद की फसल तैयार हो चुकी है। दीपावली की तैयारी भी करनी है। इसलिए खेतीहर मजदूरों की जबरदस्त दिक्कत हो रही है, जो मिल रहें हैं वह प्रतिदिन मज़दूरी 150 से 160 रूपए तक मांग रहे हैं। श्रम दर भले ही ज्यादा मांगी जा रही है लेकिन जहां मशीनों से कटाई संभव नहीं है वहां के लिए यह श्रम दर किसान स्वीकार कर रहे हैं। साथ ही साथ अभी मौसम के उतार चढ़ाव को देखते हुए किसान दीपावली के पहले पके हुए फसल को समेटने में लगे हुए हैं। ट्रेक्टर ट्राली का किराया जब बढ़ा हुआ हो तो भला थ्रेसर क्यों पीछे रहता। इसने भी प्रति घंटा मिसाई की दरें बढ़ा दी है। इस बार थ्रेसर मालिक प्रति घंटा 1100 से 1200 रूपए चार्ज ले रहे हैं। क्योंकि छोटे किसानों की जरूरत का दबाव बढ़ा हुआ है, तो आने वाले दिनों में बारीक धान की फसल ले रहे किसानों की मांग थ्रेसर में निकलेगी क्योंकि ऐसे खेतों में इस समय पर्याप्त नमी बनी हुई है। ऐसे में हार्वेस्टर का पहुंच पाना कठिन हीं है।

# 25 नेत्रहीन, मूकबधिर एवं दिव्यांग बच्चों को मिले कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शहर के सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति ने एक बार फिर इन्सानियत और मानवीयता का परिचय दिया है। समिति के संस्थापक राजू काबरा और उसकी टीम ने दीपावली के अवसर पर नेकी की कुटिया के 25 दिव्यांग बच्चे जिसमें नेत्रहीन,मूक बधिर,चलने में असमर्थ बच्चों को उनकी मनपसंद के नए कपड़े, मिठाई, चिप्स और चॉकलेट देकर न केवल दीपावली पर्व को खुशमिजाज बनाया बल्कि इन बच्चो का हौसला आफजाई किया। नए कपड़े पाकर इन बच्चों के खुशी का ठिकाना नही था इन्हें देखकर उपस्थित लोगों की आंखे नम हो गई। बता दें कि शहर की यह एक ऐसी संस्था है जिनका नाम ही काफी है। हर हमेशा दीनहीन गरीबों की पीड़ा को समझते हुए सेवा भाव से इस संस्था द्वारा काम किया जाता है।





घटना-दुर्घटना में पीड़ितो की मदद की जाती है। अभी पिछले दिनो नवागांव बुडेऩी के सेवा संकल्प संस्थान के 27 दिव्यांग एवं पराश्रित बच्चों को दीपावली के उपलक्ष्य में नए कपड़े ,मिठाई,चिप्स, चॉकलेट प्रदान किया था। श्री काबरा ने बताया कि त्योहार के दौरान ऐसे बच्चों को इसलिए मदद की जाती है ताकि इनके मन में हीन भावना न आए। कहा कि उनके नॉलेज में पीड़ितो, गरीबों, दीनदुखियों की खबरें आती है तो उनकी मदद के लिए वे तुरंत सामने आते है और यह सब जनकल्याणकारी कार्य, नगरवासियों के सहयोग के कारण हो पाता है। ऐसे भी लोग इस शहर में है जो समिति के नाम से बैंक खाता में रुपए डालते है। इन बच्चों के पास समिति के अध्यक्ष धरम साहू, उपाध्यक्ष सुमित पंजवानी, नंदकिशोर राठी, रूपेंद्र चन्द्राकर, गोविंद, दीपेश, प्रवेश राजपाल हनुमान चालीसा समिति अध्यक्ष तारणी शर्मा, उपाध्यक्ष आरती काबरा, सरिता सिंग, पिंकी, मोहिनी, लक्ष्मी साहू, नेहा तारक, योशिता गोस्वामी, पूजा सोनी, संध्या साहू मौजूद थे।

### दशहरा मैदान में भागवत कथा 3 से

**महासमुंद।** स्थानीय दशहरा मैदान नया रावणभाठा में 3 से 11 नवंबर तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। व्यासपीठ से भागवत कथा का बखान पंचकोशी धाम फिंगेश्वर वाले भागीरथी महाराज कथा का रसपान कराएंगे। आनंद राम सिन्हा, गणेश राम सिन्हा, दीपक सिन्हा की स्मृति में आयोजित कथा में प्रतिदिन सुबह 8 बजे तुलसी परिक्रमा होगा।

## पेज 7 के शेष...

### टंकी निर्माण के...

लगाया गया है। पानी टंकी निर्माण किए 8 माह पूर्ण हो चुके है लेकिन संबधित अधिकारियों और ठेकेदार के लापरवाही के कारण आदिवासी ग्रामीणों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है और तो और इस मोहल्ले में जो हैंड़पंप था उसमें जल जीवन मिशन योजना के मोटर लगा देने से हैंड़पंप धसक जाने से अब इस मोहल्ले के लोगो को पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### जूडो-कराते ...

करने में सक्षम बनाना महत्वपूर्ण है। बच्चे अक्सर नहीं जानते कि हिंसा के अधीन होने पर कैसे प्रतिक्रिया करनी है। कुछ लोग हथियार रखने का सुझाव दे सकते हैं, लेकिन हमलावर बच्चों पर हावी हो सकते हैं और उन हथियारों का इस्तेमाल उनके खिलाफ कर सकते हैं। कराटे और जूडो जैसे आत्मरक्षा प्रशिक्षण छात्रों को अपने शरीर को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना सिखा सकते हैं। यह न केवल उन्हें हमलावर से खुद का बचाव करना सिखाता है बल्कि यह भी सिखाता है कि वे जो कौशल सीख रहे हैं। वो समाज में भी काम आता है। इस लिए आज कल के परिवेश को देखते हुए छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देना बहुत जरूरी है । छुरा ब्लाक में 131 विद्यालयों में गत वर्ष प्रशिक्षण का आयोजन हुआ था। प्रशिक्षण का समय से प्रारंभ ना होना बालिकाओं के सुरक्षा के लिए ठीक प्रतीत नहीं होता। डीएमसी नायक समग्र शिक्षा गरियाबंद ने कहा कि प्रांत कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में किसी प्रकार का आदेश व बजट प्राप्त नहीं हुआ है। इस माह आने की संभावना है बजट प्राप्त होते हैं जिलों के स्कूलों में कराटे प्रशिक्षण दिया जाएगा।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130






प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

**खबर संक्षेप**

## दीपावली पर होगा कृष्ण लीला का मंचन

**सुरसाबांधा।** वर्षों से लुप्त हो चुके विरासत में मिले श्री कृष्ण लीला को ग्राम के ही कुछ लोगों ने पुनः जीवंत रूप में पेश करने का निर्णय लिया है। नवगठित बाल समाज लीला मंडली का गठन किया गया है । उल्लेखनीय है कि श्रीकृष्ण लीला लम्बे वर्षों से लुप्त हो गया था उसे नन्दकुमार साहू, मदनलाल साहू सेनि शिक्षक, अश्वनी कुमार साहू, चन्द्रिका प्रसाद सेन, शिक्षक द्वय मानिक राम साहू, जितेन्द्र कुमार साहू , खुबलाल साहू, अनंदा नगारची के अगुवाई व ग्रामवासियों के सहयोग से दीपावली के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय रात्रिकालिन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बाल समाज लीला मंडली का भी गठन किया गया है। जिसमें मालिक गौतम साहू उपसरपंच सुरसाबांधा व मैनेजर गिरवर साहू को बनाया गया है एवं लीला मंडली के निर्देशक नन्दकुमार साहू रहेंगे।

## विस उपचुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति

**महासमुंद।** भाजपा की प्रदेश पार्टी द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें महासमुंद से पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा को रायपुर दक्षिण विधानसभा के सिविल लाइन मंडल क्षेत्र के चुनाव कार्य का आबंटन किया गया। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ मिलकर संयुक्त संचालक का कार्य संभालेंगे। डॉ. चोपड़ा ने पूर्व विधानसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण विधानसभा में विधानसभा संचालक का कार्यभार संभाला था। जिसमें पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल भारी मतों से विजयी हुए।

## आनंद पौराणिक फिर बने साहित्य समिति आस्था के अध्यक्ष

**महासमुंद।** शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर स्थानीय त्रिमूर्ति कालोनी स्थित जीवन सदन में साहित्य समिति आस्था के पुनर्गठन संबंधी बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर पुनः आनंद तिवारी पौराणिक को ध्वनि मतों से चुने गए। उनके नाम का प्रस्ताव एस चंद्रसेन ने रखा, जिसका समर्थन सभी सदस्यों ने किया। सदस्यों ने संरक्षक एस चंद्रसेन को चुना। सरिता तिवारी व सुरेंद्र अग्निहोत्री उपाध्यक्ष तथा सचिव, मीडिया प्रभारी टेकराम सेन चुने गए। कोषाध्यक्ष सुजाता विश्वनाथन एवं कार्यकारिणी के सदस्यों में केआर चंद्राकर, कमलेश पांडेय व एमआर विश्वनाथन चुने गये। समिति के निर्वाचित अध्यक्ष आनंद पौराणिक ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग व निष्ठा से ही यह समिति तीन दशकों से राष्ट्रभाषा हिंदी पर्व मातृभाषा छत्तीसगढ़ी की सेवा व प्रचार-प्रसाद में निर्बाध रुप से कार्य कर रही है। उक्ताशय की जानकारी सचिव व मीडिया प्रभारी टेकराम सेन ने दी।

## प्रदेशवासियों का भाजपा सरकार से उठा भरोसाः विनोद

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ की जनता अब समझ चुके हैं कि उनके किसी भी समस्या का समाधान भाजपा राज में नहीं हो पाएगा। इसलिए किसी ग्राम के ग्रामीण एकजुट होकर स्वयं सड़क बना रहे हैं, तो कोई राशि एकत्र कर स्कूल के लिए शिक्षक की व्यवस्था कर रहे हैं। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सड़कों की दुर्दशा तथा स्कूलों में शिक्षकों की कमी को लेकर व्यक्त की। चंद्राकर ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले शिक्षा मंत्री (अब सांसद) बृजमोहन अग्रवाल ने मीडिया के समक्ष बुलंद आवाज में कहा था कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने जा रही है, जिसमें प्रदेश के बीएड, डीएड डिग्रीधारी युवाओं को भर्ती किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को आश्वस्त किया था कि सरकार द्वारा शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लेकिन, उनके कथन को 5 माह बीत गए, उन्हीं के सरकार ने अग्रवाल को झूठा साबित कर दिया। प्रदेश में सरकार बने लगभग साल पूरे होने को है, संसदीय चुनाव भी 5 माह बीत गए। अग्रवाल की बातों पर विश्वास कर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं ने भाजपा को संसदीय चुनाव में खुले दिल से सपोर्ट किया।

### विडंबना : लोगों के घरों को जगमग करने वाले कुम्हारों के जीवन में अंधेरा

# नदीपारा के कुम्हारों को वर्षों के इंतजार के बाद भी नहीं मिला इलेक्ट्रानिक चाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

दीपावली का पावन पर्व कुछ ही दिन शेष है और कुम्हार जाति के लोग इन दिनों मिट्टी के दिए व कलशा बनाने में दिन- रात मेहनत करते दिखाई दे रहे हैं। मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार परिवार वर्षो से उपेक्षित है जबकि उनका पूरा जीवन मिट्टी पर आश्रित है, इस महंगाई के दौर में उन्हे मिट्टी के बर्तनों व मूर्तियों का संतोष जनक व सही मोल भी नहीं मिलता है। नदीपारा में कुम्हारों की लगभग 60–70 परिवार निवास करते है और मिट्टी के दीए व अन्य समाग्रियों को इन्हे पकाने के लिए लकड़ी भी खरीदना पड़ता है लकड़ी की कीमत भी बढ़ गई है जिसके कारण उन्हे पर्याप्त मुनाफा नहीं मिलता है। शासन ने कुम्हारों को इलेक्ट्रानिक चाक व जमीन तथा अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही थी लेकिन यहां के एक भी कुम्हार परिवार को लाभ नहीं मिला है। उनका दुखड़ा सुनने के लिए उनके पास कोई नहीं आता है। कुम्हारों को शासन से भी ऐसी कोई विशेष सहायता नहीं मिलती जिसे लेकर वे अपना व्यवसाय बढ़ा सके और उनकी तरक्की हो उनकी कला को आगे बढ़ाने के लिए भी कोई ठोस प्रयास सरकार ने नहीं किए है। ग्राम पंचायत मैनपुर के आश्रित ग्राम नदीपारा में कुम्हार परिवार वर्षों से निवास करते हैं ग्राम नदीपारा की 75 प्रतिशत आबादी कुम्हारों की है और यह ग्राम मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है।



### दीयों से हर घर होंगे रौशन



दिवाली में कुम्हारों द्वारा बनाए गए दिए से ही हमारे घर रोशन होंगे। पूजापाठ, अनुष्ठान, मांगलिक कार्यक्रम, मिट्टी के बने पात्रों के बिना कोई भी कार्य पूरा नहीं होता। छत्तीसगढ़ में मिट्टी के पात्र बनाने के व्यवसाय में लगे कुम्हारों की जिंदगी दिया तले अंधेरा की कहावत को चरितार्थ कर रहा है। शासन द्वारा घोषणा के बाद न तो प्रदेश के कुम्हारों को मिट्टी के लिए जमीन नसीब हुई और न ही मिट्टी के बर्तन को पकाने लकड़ी या भूसे की व्यवस्था है। कुम्हार उदेराम पाड़े ने बताया कि प्रदेश के कुम्हारों को वर्ष 2006 में हुए प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में मिट्टी के लिए प्रत्येक गांव में 5-5 एकड़ जमीन देने घोषणा तत्कालीन रमन सरकार द्वारा की गई थी इस घोषणा को अब तक अमल में नहीं लाया जा सका है।

### मेहनत का नहीं मिलता संतोषजनक दाम

नदी के बाढ़ से इन्हे भारी नुकसान हर वर्ष बारिश के दिनों में उठानी पड़ती है। कुम्हार परिवार के लोगों ने बताया कि त्यौहार को छोड़ अन्य दिनों में उन्हे उनकी मिट्टी पर की गई मेहनत का कोई संतोषजनक मोल नहीं मिलता उनकी जीविका का साधन मिट्टी का बर्तन बनाना है और इसी से परिवार का जीविकोपार्जन करते है। शासन को चाहिए कि इन्हे उनकी कला को प्रोत्साहित करने के लिये उन्हे सुविधा दिया जाए और कुम्हार लोगों को भी शासन से जमीन, खेत सुधार के साथ आवास व अपने कला व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिये सरकार को चाहिए कि इन्हे पूरी मदद दिया जाए लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। नदीपारा में निवास करने वाले कुम्हार परिवार के उदेराम पाड़े, उकिया बाई, टंकधर, बेनुराम, उमाशंकर, पारेश्वर, निर्मला, बलराम ने बताया कि शासन द्वारा उन्हे किसी भी प्रकार की उनके कला कौशल मिट्टी के बर्तन मूर्ति बनाने के लिये सहयोग व अनुदान नहीं दिया जाता है जबकि यदि इन्हे अनुदान के साथ अन्य कलाकारों को जो शासन प्रोत्साहन देता है ऐसा प्रोत्साहन मिले तो निश्चित रूप से यह समाज विकास की मुख्य धारा में तेजी से विकास करेगी।

## हाथियों से प्रभावित ग्रामीण 30 को कलेक्टर को सौपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के एक दर्जन ग्रामों के लोग लगातार हाथियों के आतंक से परेशान हो गए हैं। सैकड़ों एकड़ धान की फसल बर्बाद हो गई है। लोग अकेले राशन लेने नहीं जा पा रहे हैं। रात–रात भर रतजगा करने मजबूर हो रहे हैं। परेशान हो चूके ग्रामीणों ने रविवार को ग्राम चलकीपारा में बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, ग्राम पंचायत जिड़ार के सरपंच दुलेश्वरी नागेश, आदिवासी नेताम टीकम कपिल, महेन्द्र नेताम के उपस्थिति में बैठक आ आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि हाथी प्रभावित ग्रामों व लोगों की एक प्रतिनिधि मंडल अपनी समस्याओं को लेकर 28 अक्टूबर को मैनपुर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौपेंगें और 30 अक्टूबर को जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जायेगा। जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा हाथी प्रभावित ग्रामों के किसानों को मुआवजा नहीं मिल रहा है। प्रति एकड़ 75 हजार रूपए और जनहानि की स्थिति में एक करोड़ मुआवजा देना चाहिए। उन्होने कहा अनुसूचित क्षेत्र में बगैर ग्रामसभा के सहमति से कूप कटिंग व अन्य कार्य पर रोक लगाई जाए जिड़ार, देहारगुड़ा, दबनई, तुहामेटा पंचायत क्षेत्र गुगल मैफ में सोनाबेड़ा वल्डलाईफ सेंचूरी क्षेत्र बताया जा रहा उसे तुरन्त निरस्त किया जाए। लोकेश्वरी नेताम ने आगे कहा की इस क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में इस समस्या को लेकर गरियाबंद कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे। इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, सरपंच दुलेश्वरी नागेश, मुकेश कपिल, टीकम कपिल, सुंदर कपिल, महेन्द्र नेताम, नारायण नेताम, सतिश नागेश, दौलत नेताम, लायसर ओटी, गोविंद फसर, यमेन्द्र ओटी, बिजउराम, चन्द्रसेन नेताम, मिलन मरकाम, चैनसिंह फरस, अमरसिंह, विष्णु नेताम, रामेश्वर नेताम, बल्दुकपिल, लोचन नेताम, चिंता नेताम, देवी मरकाम, खामेश्वर, बिजेन्द्र नेताम, देवचरण व बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण व महिला पुरूष उपस्थित थे।



## शिविर में 500 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच एवं 50 यूनिट रक्तदान संग्रहित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

साहू समाज के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर में 500 लोगों की जांच शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुनीत गोस्वामी, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हेमंत साहू, डॉक्टर प्रज्ञा लोधी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गुरप्रीत कौर, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर केआर सिन्हा, फिजिओथेरेपिस्ट डॉक्टर रेशमा साहू, डॉक्टर दिलीप शाह,डॉक्टर पवन भोयर, डॉक्टर सौरभ भांडगे, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भावेश पटेल, डॉक्टर अभिषेक त्रिपाठी, एमडी मेडिसिन डॉक्टर विकास साहू, डॉक्टर तेजेंद्र साहू ने किया। इस अवसर पर 50 यूनिट रक्तदान संग्रहित हुआ। रक्तदान करने वालो को सम्मान स्वरुप प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप साहू, रायपुर जिला अध्यक्ष देवनाथ साहू, अभनपुर तहसील अध्यक्ष ब्रम्हानन्द साहू, डॉक्टर बलजीत सिंह, डॉक्टर एम कौर, डॉक्टर टी. रमेश, डॉक्टर राजेन्द्र गदिया मौजूद थे। आयोजन को सफल बनाने में नगर साहू समाज नवापारा परिक्षेत्र के अध्यक्ष रमेश साहू, मेघनाथ साहू, भागवत साहू, धनमती साहू, दुकलहीन साहू, रविशंकर, रज्जु लाल, गैंदराम, गजेंद्र, ठाकुरराम, डिगेश्वर, कोमल, दीपक साहू का शानदार योगदान रहा।



## राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में 6 विद्यार्थियों को मिली सफलता

**मैनपुर।** भारत स्काउटस एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय द्वारा इस वर्ष राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी अभनपुर जिला रायपुर में आयोजित किया गया था जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदागांव विकासखंड मैनपुर के स्काउट एवं रोवर सम्मिलित हुए थे। उक्त सभी जांच शिविर का उत्तीर्ण सूची राज्य मुख्यालय द्वारा जारी किया गया है जिसमें इंदागांव के दो स्काउट, चार रोवर सफलता प्राप्त किया हैं। यह तीसरा अवसर है जिसमें आदिवासी विकासखंड मैंनपुर के स्काउट एवं रोवर सफलता प्राप्त किया है। डॉ. सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त के मार्गदर्शन में एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके सारस्वत एवं जिला सचिव रोमनलाल साहू, डीओसी स्काउट आशीष कुमार साहू, डीओसी गाइड सीमा साहू, विकासखंड सचिव मैनपुर रामप्रसाद साहू, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इन्दागाँव के प्रयास से इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रयत्न करने पर यह सफलता प्राप्त किए हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इन्दागांव के इस सफलता पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश राम पटेल, बीआरसी शिवकुमार नागे, बीएस नागेश, दिनेश कुमार नागेश अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, लोखुलाल बस्तियां उपाध्यक्ष, तीज राम यादव, चमार सिंह सोरी, टीकम सिंह नागेश, भारत यादव, मंगल सिंह, दंता देवी, राम सोरी, पालकगण एवं छात्र- छात्राओं ने शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

## डीएवी मुंगझर के स्कूली बच्चों ने दी सुआ नृत्य की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियां की जाती है। शनिवार को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम, दिया डेकोरेशन, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर दीपावली पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय प्रमुख प्राचार्या सुमिता सिंह ने एवं शिक्षक शिक्षिकाएं ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना किए छात्र - छात्राओं ने भगवान श्रीरामचंद्र, लक्ष्मण कुमार, मां सीता, हनुमान के भेषभूषा में सुसज्जित होकर मंच पर आए जिनका जयकारा लगाकर स्वागत कर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात बच्चों ने राम आयेंगे तो अंगना सजाएंगे, गौरी गौरा गीत पर सुन्दर प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात रंगोली प्रतियोगिता और दिया डेकोरेशन प्रतियोगिता रखा गया जिसमें बच्चों ने सुन्दर सुन्दर रंगोली बनाई और दियो को विभिन्न रंगों से रंग कर सजाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्या सुमिता सिंह ने रंग बिरंगे दियों को प्रज्ज्वलित कर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दिए। छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन से खुश होकर उनकी प्रशंसा कर मनोबल बढ़ाया।



### शिक्षक संघ ने मांगा चार प्रतिशत डीए

**मुड़ागांव(कोरासी)।** रविवार को विधायक रोहित साहू से शिक्षक व प्रधान पाठक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष रामसाय टाण्डे के अगुवाई में मुलाकात की। संघ की और से आग्रह किया गया की राज्य सरकार के कर्मचारी अधिकारी देय तिथि से 4% डीए देने के लिए मुख्यमंत्री साय से मांग करने अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया। संघ की और से कार्यकाआरी प्रांताध्यक्ष रामसाय टाण्डे, उपाध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला अध्यक्ष गरियाबंद खेलन साहू, सत्रुहन साहू, रामकुमार साहू, संतोष तारक एवं प्रधान पाठक गण सम्मलित हुए।

## मतदाताओं को दीप जलाकर कर किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन जिला गरियाबंद के निर्देशानुसार आगामी नगर पंचायत आम निर्वाचन के लिए रविवार को जागव वोटर जाबो कार्यक्रम का आयोजन नगर के स्वर्ण जयंती चौक में आयोजित किया गया। जिसमें नगर पंचायत छुरा क्षेत्र के वरिष्ठ मतदाताओं, स्थानीय नागरिकों समाज सेवियों एवं निकाय के अधिकारी कर्माचारी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर आगामी स्थानीय निर्वाचन में अपने बहुमूल्य मतदाधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से वीरेंद्र ठाकुर, रामाधार यादव, कमलेश्वर सिन्हा, मनोज दुबे, मिथलेश कुमार सिन्हा, समाज सेवी शीतल ध्रुव, शिक्षक लारेंस महिलांग, जितेंद्र देवांगन, मेशनंदन पांडेय, एएस आई मोहन ठाकुर, रजत ध्रुव आदि उपस्थित थे।



### पर्व नजदीक घर के हर कोने को चमकाने में जुटे लोग

# अंतिम चरण में चल रही घरों की सफाई का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में दीपावली का त्योहार आते ही हर ओर उत्साह और उल्लास का माहौल है। लोग इस पावन पर्व को लेकर काफी उत्साहित हैं, और इसका असर हर घर में देखा जा सकता है। घरों की साफ-सफाई का काम लगभग अपने अंतिम चरण में है, और लोग हर कोने को चमकाने में जुटे हुए हैं। दीपावली पर मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए हर व्यक्ति अपने घर को सजाने और संवारने में पूरी लगन से लगा है। घरों के साथ-साथ बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। लोग मिट्टी के दीये, रंगीन लाइट्स, तोरण, फूल-मालाएं, और रंगोली के सामान खरीदते दिख रहे हैं। इस बार कई लोग पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ईको-फ्रेंडली सजावट और दीयों का इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही बच्चों के लिए पटाखों का उत्साह भी देखने लायक है। इस अवसर पर लोगों के बीच आपसी स्नेह और सौहार्द्र का भाव भी बढ़ रहा है। पड़ोसियों और रिश्तेदारों के घर जाकर लोग आपसी खुशियाँ बाँट रहे हैं और एक-दूसरे को मिठाइयां और उपहार दे रहे हैं। दीपावली के इस उल्लासमय माहौल में, हर कोई मां लक्ष्मी से समृद्धि और शांति की कामना कर रहा है।





